पत्रांकः पर्या/वन-   /प०व०

बिहार सरकार
पर्यावरण एवं वन विभाग ।

प्रेषक

विवेक कुमार सिंह, भा० प्र० से०
सरकार के प्रधान सचिव

सेवा में,

सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी

विषयः 15 अगस्त, 2015 को राज्य के सभी इको क्लब विद्यालयों में पांच नीम एवं पांच पीपल का पौधा लगाने हेतु विभागीय पौधशालाओं से निःशुल्क पौधा उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महाशय,

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के सभी इको-क्लब विद्यालयों में 15 अगस्त, 2015 को ' नीम-पीपल लगाओ-पर्यावरण समृद्ध बनाओ' कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य में कुल 8871 इको क्लब जो जिलों में विभिन्न माध्यमिक विद्यालय में गठित है के द्वारा नीम एवं पीपल के पांच-पांच पौधे विद्यालय परिसर या किसी सार्वजनिक स्थल पर लगाया जायेगा तथ इसकी सुरक्षा एवं संबर्द्धन इको क्लब द्वारा किया जायेगा । इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में कम से कम पांच नीम एवं पांच पीपल के पौधे लगाये जायेगें । वे पौधे विभागीय पौधशालाओं से इको क्लब में प्रभारी शिक्षकों द्वारा प्राप्त किया जायेगा । आपको निदेशित किया जाता है कि इन पौधो की निःशुल्क आपूर्ति सुनिश्चित करेगें ।

विश्वासभाजन
ह0/-
(विवेक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः 174   दिनांकः 30/07/2015

प्रतिलिपिः सदस्य-सचिव, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, पटना को सुचनार्थ प्रेषित ।

30/7/15
(विवेक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव